# सीएमपीडीआई में कोल इंडिया स्थापना दिवस मनाया गया



रांची 01 नवम्बर। मिनी रत्न कम्पनी सीएमपीडीआई द्वारा कोल इंडिया स्थापना दिवस, 2013 समारोह दिनांक 01.11.2013 को संस्थान के निदेशक (तकनीकी/ईएस) श्री डी0के0 घोष ने कोल इंडिया के झंडे का ध्वजारोहण किया। समारोह की शुरूआत कॉरपोरेट गीत से हुआ।

**इस अवसर पर श्री घोष ने कहा कि सीएमपीडीआई ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के अक्तूबर महीने तक 3 लाख 70 हजार मीटर ड्रिलिंग किया जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि आज कोल इंडिया, कोलकाता में आयोजित समारोह में सीएमपीडीआई को चार पुरस्कार यथा एमओयू सर्वोत्तम स्कोर (2012–13) पुरस्कार, व्यक्तिगत उत्कृष्ट एवं सर्वोत्तम योगदान पुरस्कार, आउटस्टैंडिंग स्पोट्र्स पर्सन पुरस्कार तथा सर्वोत्तम गवेषण कैम्प पुरस्कार प्राप्त हुआ है, यह हम सबके लिए गौरव की बात है।**

**इस अवसर पर श्री घोष ने अपने कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सीएमपीडीआई में इस वर्ष पुनर्वर्गीकरण से 154, चयन (सेलेक्शन)–104 तथा पदोन्नति के माध्यम से 427 कर्मचारियों को प्रोन्नत दिया गया है यह संख्या कुल श्रमशक्ति का 30 प्रतिशत से अधिक है। दूसरे शब्दों में सीएमपीडीआई के कुल श्रमशक्ति के 30 प्रतिशत कर्मियों को पुनर्वर्गीकरण, चयन अथवा पदोन्नति के माध्यम से कैरियर ग्रोथ हुआ है।**

इस अवसर पर संस्थान के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एम0के0 झा, जेसीसी के सदस्य, सीएमओएआई के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

**कोल इंडिया स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 06 नवम्बर, 2013 को अपराह्न 6 बजे आयोजित कार्यक्रम परिसर स्थित "सामुदायिक भवन" में शुभारंभ होगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि कोल इंडिया के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री पी0 एस0 भट्टाचार्या होंगे। मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यालय तथा इसके सभी क्षेत्रीय संस्थान के चयनित कर्मियों एवं बेहतरीन शैक्षणिक उपलब्धियों हेतु कर्मियों के बच्चे–बच्चियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।**

***